


# अभिताभ की फिल्म 'शूबाइट' अटकी है 12 साल से ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म शूबाइट रिलीज हो सकती है। निर्देशक शुजीत सरकार ने अमिताभ बच्चन को लेकर वर्ष 2012 में फिल्म शूबाइट बनाई थी। शूबाइट कई तरह के विवादों के चलते अब तक रिलीज नहीं हुई है। शूबाइट के बाद शुजीत सरकार ने अमिताभ को लेकर फिल्म पिंक, पीकू और गुलाबो सिताबो बनाई। शुजीत सरकार चाहते हैं कि फिल्म शूबाइट रिलीज हो। शूजीत सरकार ने कहा,शूबाइट फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है। मैं सभी को फिल्म शूबाइट दिखाना चाहता हूं कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने किस तरह से अपना दिल और आत्मा निकालकर रख दी थी।



लाइफ Style

# कियारा

## सलमान की फिल्म 'सिकंदर' में करेंगी काम

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं।'सिकंदर' अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शायद आपको ये जानकर थोड़ी सी हैरानी होगी कि कियारा आडवाणी ने अपने 9 साल के करियर में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। यही नही इनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट है। कियारा ने 2014 में फिल्म फगली से डेब्यू किया था हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। इसके बाद कियारा 2016 में सुशांत सिंह राजपूत स्टारर सुपरहिट फिल्म एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी में लीड रोल में नजर आई। इस फिल्म ने कियारा की किस्मत ही पलट दी और वो रातों रात स्टार बन गई।

हॉलीवुड मसाला



# बनाया अपने 'मर्डर' का प्लान

**लॉस एंजिलस।** फेमस सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' में काम करने वाले हॉलीवुड एक्टर जियानकार्लो एस्पोसिटो दुनियाभर में जाने जाते हैं। अब एक्टर ने एक शो में अपनी जिंदगी में आई आर्थिक दिक्कतों के बारे में बात की है। एक्टर ने बताया कि वो इतने परेशान थे कि उन्होंने अपने 'मर्डर' का प्लान बना दिया था ताकि उनके चारों बच्चे इंश्योरेंस के पैसे क्लेम कर सकें। जिम एंड सैम शो पर जियानकार्लो एस्पोसिटो ने कहा, 'मेरे दिमाग में बाहर निकलना का आइडिया ये था: क्या आत्महत्या करने पर इंश्योरेंस मिलता है?




# एक दूसरे के सामने आए डेडपूल-वुल्वरीन

**लॉस एंजिलस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। इस फिल्म में सालों के इंतजार के बाद एक्स-मेन में वुल्वरीन बने नजर आ चुके एक्टर ह्यू जैकमैन एक बार फिर अपने पुराने अवतार में लौट रहे हैं। इस फिल्म में वुल्वरीन और डेडपूल से लड़ाई करते और फिर उसके साथ मिशन पर जाते देखा जाने वाला है। फिल्म का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन', 26 जुलाई को सिनेमाघरों में हिंदी, इंग्लिश, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का हिंदी ट्रेलर काफी मजेदार है। इसके डायलॉग सुनकर आपको हंसी तो आएगी ही, साथ ही आंखें भी फटी रह जाएंगी। नए टेलर में वुल्वरीन और डेडपूल को आपस में भिड़ते देखा जा सकता है।



# 6 साल बाद फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी कमबैक


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा 49 साल की हो गई हैं। प्रीति बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं। उन्होंने कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, कोई मिल गया, सलाम नमस्ते, वीर जारा समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई थी। प्रीति अब अमरीका में सेटल हो चुकी हैं, जहां वह पति जीन गुडइनफ और दो बच्चों के साथ रहती हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, प्रीति सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 से कमबैक कर सकती हैं। हाल ही में उन्हें इस फिल्म के लुक टेस्ट के लिए मुंबई के एक स्टूडियो में भी देखा गया था। प्रीति आखिरी बार भैयाजी सुपरहिट में नजर आई थीं। ये फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया।




# किसके खिलाफ लड़ाई लड़ने आ रही फुले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक गांधी और अभिनेत्री पत्रलेखा की आने वाली फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की मुख्य भूमिका है। फिल्म में प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाते नजर आयेंगी। फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने बताया कि महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखना पड़ेगा आपकी जेब पर भारी!

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग ये जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि शो कब शुरू होगा। 'बिग बॉस 17' खत्म होने के बाद से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' का इंतजार शुरू हो गया है। हर कोई जानना चाहता है कि इस बार शो में कौन-कौन से सेलिब्रिटी आएंगे और ये सीजन कैसा होगा।

***'बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार दिखेंगे ये बदलाव :*** रियलिटी टीवी शो को लेकर हर बार कई तरह की अफवाह सामने आती रही हैं। बताया जा रहा है कि इस सीजन में कई बदलाव होने वाले हैं। हाल ही में कहा जा रहा है कि ये सीजन फैंस फ्री में नहीं देख पाएंगे। जी हां 'बिग बॉस ओटीटी' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' वूट और जियो सिनेमा पर फ्री में देखे गए थे। रिपोट्र्स के मुतबाबिक अब जियो सिनेमा ने फैसला किया है कि दर्शकों को शो के एपिसोड और लाइव फीड देखने के लिए पैसे देने होंगे।

***इस तारीख से रिलीज होगा बिग बॉस ओटीटी 3' ?:*** मेकर्स ने हाल ही में शो का एक पोस्ट भी शेयर किया था और फैंस से पूछा था कि वे रियलिटी शो में किसे देखना चाहते हैं। हालांकि, शो के बारे में ताजा अपडेट के मुताबिक 'बिग बॉस ओटीटी 3' 4 जून या 5 जून को शुरू होगा। ये शो अगस्त तक चलेगा। बता दें कि 'बिग बॉस ओटीटी' केवल छह हफ्ते का गेम है। इसी के साथ रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 'बिग बॉस 18' का प्रीमियर सितंबर या अक्टूबर से होगा।

## कई सेलिब्रिटीज को किया गया अप्रोच

वहीं शो के लिए कई सेलिब्रिटीज को अप्रोच किया गया है। हालांकि कुछ सेलेब्स के नाम भी लिस्ट में से सामने आ रहे हैं। जिसमें अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, शीज़ान खान, मैक्सटर्न, ठगेश, रोहित खत्री, दलजीत कौर, श्रीराम चंद्रा, अर्यांशी शर्मा, सैंकी उपाध्याय, तुषार सिलावट, रोहित ज़िन्जुर्के, मोहम्मद शामिल हैं।

# दिगांगना 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' के लिए तैयार



**मुंबई।** एक बड़े मुहर्त कार्यक्रम में फिल्म 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' की शुरुआत हुई, जिसमें फिल्म जगत के कई प्रसिद्ध लोग मौजूद थे। काकतीय हिल्स के वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित एक विशेष समारोह में शामिल होने वालों में दिल राजू, निर्देशक अनिल रविपुडी और साई कुमार जैसे बड़े नाम शामिल थे। वीरभद्रम चौधरी द्वारा निर्देशित, 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' एक मजेदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म होने का वादा करती है। इसमें दिगांगना सूर्यवंशी और आदि साई कुमार हैं।

# 'तुम्हारा क्या करूंगा मैं यार?' जब महेश ने मनोज से कही थी ये बात...

*मुंबई। दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपना 55वां जन्मदिन मनाया। हाल ही में वह 'साइलेंस 2', 'किलर सूप' में नजर आए। मनोज बाजपेयी पहले टेलीविजन शो, फिर फिल्में और अब वेब सीरीज में अपना लोहा मनवा रहे हैं। बाजपेयी का करियर वक्त के साथ बुलंदियां छूता रहा, लेकिन इसकी शुरुआत काफी कठिन रही। अभिनेता ने बहुत स्ट्रगल किया और ताने भी सुने। दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें ये तक कह दिया था कि वह हीरो नहीं दिखते, न उन्हें नाचना आता तो वह उनका क्या करेंगे। इसके बारे में खुद मनोज बाजपेयी ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।*

## शेखर कपूर बोले- शादी के बाद बच्चों को क्या खिलाएगा

*अतिका फारूकी को दिए इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया था कि 90 के दौर में शेखर कपूर ने उन्हें मुंबई जाने की सलाह दी थी। जब वह थिएटर करते थे तो शेखर ने उन्हें कहा था, 'रंगमंच हो गया, कल को जब वह शादी करोगे तो बच्चों को खिलाने के लिए पैसे चाहिए होंगे, इसलिए मुंबई चले जाओ। मनोज ने बताया कि वह डर गए और आगे की लाइफ को अच्छा बनाने के लिए मुंबई आ गए।*

## द्रोहकाल से डेब्यू, बैंडिट क्वीन से मिली पहचान

हालांकि मनोज बाजपेयी ने हार नहीं मानी और संघर्ष करते रहे। इसके बाद उन्हें फिल्म 'द्रोहकाल' में एक छोटा सा रोल मिला जो सिर्फ 1 मिनट का था। इसके बाद फिर उन्हें शेखर कपूर की फिल्म 'बैंडिट क्वीन' में काम करने का मौका मिला और फिर साल 1998 में उनके हाथ फिल्म 'सत्या' लगी। इस फिल्म से मनोज बाजपेयी को पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने भीखू मात्रे का रोल निभाया था और इसे लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। उन्हें इस किरदार के लिए फिल्मफेयर भी मिला। आज वह अपने अलग-अलग किरदारों के लिए जाने जाते हैं।

## उस वक्त मेरे लिए कोई जगह नहीं थी

*मनोज बाजपेयी ने कहा कि उस वक्त वह खुद को फिट नहीं रख पाते थे। मनोज ने कहा था, "उस वक्त की जो स्थिति थी, उसमें हमारे लिए कोई जगह नहीं थी। हम जिस भी स्टूडियो में जाते थे, वहां पर या तो सिर्फ स्टार होते थे और शूटिंग होती थी। हर दूसरे फ्लोर पर गाने की शूटिंग चल रही होती थी। मनोज ने बताया कि उस वक्त हर कोई उन्हें रिजेक्ट कर देता था। जो उनकी तरफ देखता था वो कहता था कि इसका हम क्या करेंगे। मुझे भी लगा कि ये सच में हमारा क्या करेंगे।*





# गर्मी में बाहर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत, ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये एक्शन और थ्रिलर फिल्में

*मुंबई। अप्रैल माह का चौथा हफ्ता शुरू हो गया है, सिनेमा प्रेमियों के मन में सवाल उठ रहे होंगे कि इस हफ्ते क्या नया आया है देखने के लिए। हम आपके लिए ओटीटी पर इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और ओटीटी की पूरी लिस्ट लेकर आए हैं।जिन्हें आप नेटफिलक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो सिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर घर बैठे देख सकते हैं और गर्मी के दिनों में फैमिली संग एन्जॉय कर सकते हैं। दर्शकों के लिए अप्रैल का यह हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है। आईए जानते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं।*

***रणनीतिः*** बालाकोट एंड बियॉन्ड
जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और लारा दत्ता की 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' इस वीक से ओटीटी के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। ये सीरीज 2019 बालाकोट हवाई हमलो पर आधारित है। इसे आप 24 अप्रैल के बाद जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।

***दिल दोस्ती डिलेमा :*** दिल दोस्ती डिलेमा' एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे गर्मियों की छुट्टियों में सजा के तौर पर उसके दादा-दादी के पारंपरिक मोहल्ले में भेज दिया जाता है। हालांकि अपनी सोशल इमेज बनाने के लिए वह दोस्तों से कहती है कि वह कनाडा जा रही है। इस वेब सीरीज में अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, शिशिर शर्मा, सुहासिनी मुले, एलीशा मेयर, रेवती पिल्लई और श्रुति सेठ मुख्य भूमिका में हैं। यह 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

***वश :*** 'वश' में हितु कनोडिया, नीलम पांचाल, हितेन कुमार, जानकी बोडीवाला और आर्यन सांघवी हैं। फिल्म में एक परिवार प्रताप नाम के एक अजनबी से मिलता है, जो शुरू में उनकी मदद करता है, लेकिन बाद में उनके लिए परेशानी खड़ी कर देता है। आप इसे शेमारू पर 26 अप्रैल से देख सकते हैं।






***क्रैक :*** अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'क्रैक' मुंबई स्थित एक स्टंटमैन पर आधारित है, जो अपने भाई के लापता होने की सच्चाई जानने के लिए एक खेल टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। यह फिल्म 26 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

***टिल्लू स्क्वायर :*** 'टिल्लू स्क्वायर' की कहानी बाल गंगाधर तिलक उर्फ टिल्लू पर आधारित है, जिसकी लाइफ तब उलट-पुलट हो जाता है जब वह एक रहस्यमय हत्या के मामले में फंस जाता है. मल्लिक राम द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म में अनुपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में हैं। आप इस फिल्म को इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

***डेड बॉय डिटेक्टिव्स :*** इस सीरीज़ में जॉर्ज रेक्सट्रू और जेडन रेवरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**भीमा :** इस फिल्म की कहानी एक जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छोटे से शहर के मंदिर में होने वाली रहस्यमयी घटनाओं की जांच करता है। फिल्म में गोपीचंद, प्रिया भवानी शंकर, मालविका शर्मा, नासर, नरेश, पूर्णा, वेनेला किशोर, रघु बाबू, मुकेश तिवारी, छम्मक चंद्र, निहारिका कोनिडेला और रोहिणी अमह भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप




### मतदाताओं को जागरूक करने निकाली गई रैली

**बिश्रामपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत भटगांव मुख्य मार्ग पर रैली निकालकर मतदाताओं से लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में बढ़-चढ़कर मताधिकार का प्रयोग करने आह्वान किया गया। नगर पंचायत बिश्रामपुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे मतदाता जागरूकता अभियान रथ के साथ छोड़ो सारे काम -चलो करें पहले मतदान, वोट डालने जाना है- अपना फर्ज निभाना है, इस प्रकार के नारों से मतदाता जागरूकता का संदेश लोगों को दिया जा रहा है। इसी संदेश के साथ गुरूवार को नगर पंचायत बिश्रामपुर के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा रैली निकाली गई। रैली में नगर पंचायत के सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, उप अभियंता तरंग मित्तल, अरविंद यादव, रणदीप दास, परवेज खान, आकाश सिन्हा, जयप्रकाश तिर्की, पूजा सिंह स्वयं सहायता समूह के सदस्य स्वच्छता दीदी व अन्य सक्रिय रहे।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत नपा के अधिकारी व कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ




**सूरजपुर।** नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान ने निकाय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान हेतु मतदान के लिए जागरूकता की शपथ दिलाई। सीएमओ श्रीमती चौहान ने बताया कि नगर पालिका परिषद के माध्यम से पूरे नगरीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। निकाय की स्वच्छता दीदियों द्वारा स्व सहायता समूह के माध्यम से घर-घर जाकर 7 मई को मतदान करने कह रहें है। निकाय द्वारा वाल राइटिंग व होर्डिंग बैनर लगाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत, दो घायल

**अम्बिकापुर।** गांव में शादी देखने गए युवकों को बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हो गए। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार खड़गवां अंतर्गत ग्राम बरदर निवासी शिव रतन आ. भाव सिंह (18 वर्ष) बीती रात गांव के ही बृजलाल की लड़की की हो रही शादी को देखने सूरज व शिव प्रसाद के साथ गया था। बृजलाल के घर के सामने खड़ा होकर शादी देख रहे थे। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 16 सीपी 5485 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे खड़े तीनों युवकों को टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने शिव रतन की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घायलों का बैकुंठपुर जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## पार किया नकदी समेत 10 लाख कीमत के जेवर

# अधिवक्ता व राशन दुकान संचालक के सूने मकान में चोरों को धावा


घटना स्थल पर मौजूद मोहल्ले के लोग।


चोरों द्वारा तोड़ा गया आलमारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। चोर गिरोह कभी कोतवाली क्षेत्र में तो कभी गांधीनगर थाना क्षेत्र चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। सोमवार की रात भी चोरों ने सिलसिले वार अधिवक्ता व राशन दुकान संचालक के सूने मकान में न सिर्फ धावा बोला जबकि दोनों घरों से लगभग 10 लाख कीमत के जेवरात व 60 हजार रुपए नगद राशि पार कर दिया। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में चोर गिरोह किस कदर सक्रिय है जिससे अब पुलिस के गश्त पर ही सवाल उठने लगे है। हालांकि घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- काम के सिलसिले मकान मालिक गए थे अपने पैतृक गांव

जानकारी के अनुसार नवापारा चर्च मैदान समीप निवासी अधिवक्ता केडी प्रजापति आ.रामप्रसाद प्रजापति की पत्नी श्रीमती लालती देवी 19 अप्रैल को पैतृक गाव चलगली थाना अंतर्गत ग्राम चमनपुर गई थी। जबकि केडी प्रजापति न्यायालय गए थे। इसी बीच 22 अप्रैल को अधिवक्ता केडी प्रजापति प्रतापपुर न्यायालय से काम निपटाने के पश्चात तिलक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव चमनपुर चला गया था। गत दिन अधिवक्ता चमनपर से वापस शहर लौटे और सीधे कोर्ट चले गए। शाम को घर पहुंचा तो उनके होश उड़ गए। घर का ताला टूटा और कमरे में रखे सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक के मुताबिक चोरों ने घर के सभी अलमारी को खंगाला लेकिन अलमारी में रखा सामान सही सलामत थे जबकि चोरों ने पूजा रूम में रखे पेटी को तोड़ उसमें रखे लगभग 7 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। इसी बीच पता चला कि उनके पड़ोसी राशन दुकान संचालक सुनील मिश्रा के सूने मकान में चोरी हुआ है। घटना की जानकारी मकान मालिक को दी जिस पर मकान मालिक ने अपने जीजा राजीव द्विवेदी को अपने घर भेजा। राजीव द्विवेदी ने पड़ोसियों के साथ घर में रखे सामान के संबंध में फोन से सुनील मिश्रा से पूछा तो सुनिल मिश्रा ने बताया कि घर में नगद 60 हजार रुपए के अलावा अलमारी में लगभग 3 से 4 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात रखे हुए है। चोरों ने सुनील मिश्रा के घर से नकदी सहित लगभग 3 से 4 लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात को पार कर दिया। मकान मालिक सुनील मिश्रा एवं उसके भाई रजनीश व मनीष घर में ताला लगाकर अपने गांव रीवा गए थे। इधर सिलसिले वार दो घरों में चोरी होने की जानकारी लगते ही पुलिस अधिकारी सहित गांधीनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। घटना की रिपोर्ट केडी अग्रवाल ने गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

**पुलिस के लिए चुनौती**

नवापारा चर्च के समीप जहां चोरों ने सिलसिले वार दो सूने मकान में हुई लाखों की चोरी की घटना अब पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। पुलिस अधिकारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंच जांच की परंतु पुलिस के हाथ विशेष सुराग नहीं लगी। दोनों घरों के अलावा मोहल्ले में कही भी सीसीटीवी कैमरा नहीं है जिससे पुलिस को किसी प्रकार की मदद मिल सके। चोरी की घटना में पुलिस के लिए सीसीटीवी कैमरा से काफी मदद मिलती है परंतु सीसीटीवी कैमरा नहीं होने से पुलिस के लिए चोर तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं

**रेकी कर चोरी करने की आशंका**

चोरों ने जिस तरह से दोनों घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ऐसे में पुलिस सहित मकान मालिक ने रेकी करने की आशंका जताई है। दोनों कर पिछले कुछ दिनों से बंद थे और मकान मालिक अपने-अपने पैतृक घर गए हुए थे। चोरों ने अधिवक्ता के घर के दरवाजे का ताला तोड़कर जेवरात पार किया जबकि राशन दुकान संचालक के घर का बाहर का दरवाजा बंद था। ऐसे में चोरों के रौशन दान से कमरे में दाखिल होने की संभावना जताई जा रही है।



## मुख्य मार्ग स्थित पुलिस सहायता केंद्र से सौ मीटर की दूरी पर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बुधवार की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने एन एच मुख्य बाजार पर बन रहे होटल की वायरिंग के गुच्छे को कटर मशीन से काटकर चुरा ले गये हैं, उक्त घटना से युवा व्यवसायी को करीब अस्सी हजार रूपये की क्षति पहुंचने की खबर है, बताया गया कि युवा व्यवसायी शिवनन्दनपुर निवासी गुरविंदर माखीजा अपने होटल जलतरंग स्वीट्स का रेनोवेशन कार्य करा रहे हैं, उक्त नव निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, इसमें बिजली व टाइल्स समेत अन्य कामों का अंतिम कार्य चल रहा है, प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा मुख्य बाजार स्थित दुकान के भीतर घुसकर ताम्बायुक्त तारों के गुच्छे को चार से पांच जगहों पर कटर मशीन से काटकर चुरा ले गये हैं, गुरूवार की सुबह 11 बजे जब युवा व्यवसायी चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेने दुकान पहुंचे तब वायरिंग सामान की चोरी हो जाने की जानकारी मिली, घटना की रिपोर्ट युवा व्यवसायी गुरविंदर ने बिश्रामपुर थाना में की है, बताया गया कि जांच अधिकारी द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है, समाचार लिखे जाने तक उक्त मामले में पुलिस ने कोई अपराध दर्ज नहीं किया था।

- निर्माण अधीन होटल से ताम्बा युक्त तारों के गुच्छे को अज्ञात चोरों ने मशीन कटर से काटकर किया पार
- युवा व्यवसायी को हुई अस्सी हजार रूपये की क्षति

**पेट्रोलिंग पार्टी की खुली पोल, व्यवसाईयों में रोष**

एन एच मुख्य मार्ग स्थित जिस निर्माण अधीन स्थल में चोरी हुई है, वहाँ से मात्र 100 मीटर की दुरी पर पुलिस सहायता केंद्र है, यहां पर यातायात विभाग की हाईवे पेट्रोलिंग वाहन तैनात होती है, साथ में पुलिस जवानों की भी ड्यूटी रहती है, इसके अलावा बिश्रामपुर पुलिस भी रोजाना देर रात तक पेट्रोलिंग करने का दावा करती है, इन सब के बावजूद मुख्य बाजार में चोरी की घटना हो जाने से बिश्रामपुर पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल उठने लगे हैं, स्थानीय पुलिस की सुस्त व लचर व्यवस्था से शिवनन्दनपुर - बिश्रामपुर व्यवसाईयों के मन में रोष व्याप्त है।

## सशिमं के परीक्षा परिणामों घोषित



**बलरामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही विद्यालय का मान बढ़ाया है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल समिति के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, व्यवस्थापक बंशीधर गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिहारी पाल समेत शिक्षकों ने बधाई दी है। बता दें कि 25 अप्रैल को विद्यालय प्रांगण में 8वीं तक कक्षा 9वीं, 11वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। कक्षा अरुण से आराध्या पाल और दीपाली सोनवानी प्रथम, हरे कृष्ण पाल द्वितीय, निधि सिंह तृतीय, कक्षा उदय में भूमिका बाई प्रथम, कुमारी दुर्गा द्वितीय व आदित्य सिदार तृतीय, कक्षा प्रथम में साधना यादव प्रथम नेहा व अभिषेक केशरी द्वितीय, कार्तिक राम तृतीय, कक्षा द्वितीय में शौर्य सिंह प्रथम ईशा श्रीवास द्वितीय अंश पाठक तृतीय, कक्षा तृतीय में प्रभव त्रिपाठी प्रथम, सुमंत गुप्ता द्वितीय, सोफिया तृतीय, कक्षा चतुर्थ में इंद्रजीत यादव प्रथम, पूर्णिमा कुमारी द्वितीय, सनीता तृतीय, कक्षा पंचम में खुशबू साहू प्रथम, रंजू पाल द्वितीय, गौरी शंकर पाल तृतीय, कक्षा षष्ठ में अंजू पाल प्रथम अमित कुमार साहू द्वितीय कविता पाल तृतीय कक्षा सप्तम में जिला बाबू प्रथम लक्षिता साहू द्वितीय, कुमारी करीना कुमारी तृतीय कक्षा अष्टम में आकांक्षा द्विवेदी प्रथम शौर्य भारतीय द्वितीय अफ्शा तृतीय कक्षा नवम में ऋषिका सोनी प्रथम, वेदिका श्याम द्वितीय, आरुषि सोनी तृतीय, अर्पण पाठक तृतीय एकादश विज्ञान समूह में खुशी साहू प्रथम, मानस कुमार राय द्वितीय, प्रियांशु प्रजापति तृतीय, एकादश आर्ट समूह सुजीत कुमार प्रथम नरेंद्र यादव द्वितीय राहुल नाग तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय समिति सदस्यों के द्वारा छात्रों को अंकसूची प्रदान का पुरस्कार वितरण की गई।

**पांच वर्ष के तक युवती से ऐंठे करीब पौने दो लाख रूपए**

## शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

युवती को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने व नगदी रकम की ठगी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि अंबिकापुर से लगे ग्राम पंचायत भकुरा निवासी आरोपी 25 वर्षीय हरिशंकर पैकरा पिता उदय राम से वर्ष 2019 में युवती का परिचय हुआ था। परिचय का फायदा उठाते हुए आरोपी हरिशंकर ने युवती को शादी करने का झांसा दिया और विश्वास में लेकर इसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। आरोपी द्वारा युवती के साथ दैहिक शोषण करने के साथ ही शादी का प्रलोभन देकर युवती से रोजगार में मदद के नाम पर चालीस हजार रुपए, टेंट हाउस दुकान संचालन हेतु पचास हजार रुपए, पिकअप वाहन हेतु साठ हजार रुपए, मोबाइल खरीदने हेतु बारह हजार रुपए नगद भी ले लिया। इसके बाद जब भी युवती द्वारा आरोपी पर शादी का दबाव बनाया जाने लगा तब आरोपी द्वारा टाल मटोल कर दिया जाता था। इसके पश्चात आरोपी द्वारा युवती से शादी नहीं करने की बात कहते हुए धमकी दिया जाने लगा। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी हरिशंकर कंवर को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ 376 (2) (एन) के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

- युवती को विश्वास में लेकर रोजगार लगने के नाम पर लेता था रूपए





### जय अम्बे पब्लिक हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**रामनगर।** जय अम्बे पब्लिक हाई स्कूल के वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया है। प्राचार्य बोधन राम राजवाड़े ने बताया कि कक्षा पहली से 9वीं तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है जिसमे रिया देवांगन, अंश कुमार प्रजापति, महालक्ष्मी सिंह, आदित्य सिंह, मयंक सिंह, आयुष प्रजापति, आयुषी जायसवाल, चंद्रवती रजवाड़े, इंद्र प्रजापति, दीपक प्रजापति, राकेश कुशवाहा ने अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### बाइक चोरी के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लखनपुर रजपुरीकला निवासी सुदर्शन प्रसाद प्रजापति 21 अप्रैल को अपने बच्चे का उपचार कराने के लिए गंगापुर स्थित निजी अस्पताल आया हुआ था। इस दौरान युवक ने अपनी बाइक को अस्पताल के बाहर पार्किंग में खड़ा किया था। युवक 22 अप्रैल को जब वापस घर लौटने के लिए निकला तो उसकी बाइक गायब थी। ऐसे में युवक द्वारा गांधीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गांधीनगर सकालो लोटाबहरा निवासी 27 वर्षीय विशाल अम्बष्ट व शंकरगढ़ थाना के ग्राम लहसुनपाट निवासी 24 वर्षीय बीरबल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से बाइक बरामद करने के साथ ही धारा 379, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना गांधीनगर से प्रधान आरक्षक विनोद बारी, आरक्षक देवेंद्र पाठक, पंकज कुमार लकड़ा, रितेश गोस्वामी शामिल रहे।

TOP IN SURGUJA

दिनांक 27 अप्रैल 2024 शनिवार
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA
Consultant - Medical Oncology and Hematooncology
24/7 Emergency Services
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 28 अप्रैल 2024, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी - एमडी, डीएम, कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. नरेश देवांगन - MBBS, MS, MCH, NEUROSURGEON (Brain & Spine Surgery) मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाविक शाह - डी.एन.बी (मेडिसिन) डी.एन.बी (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी.- एस.सी.ई (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लेनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता
डॉ. राहुल अहलुवालिया - एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जरी
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीप:- प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्रायटिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरुवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S. , M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केंद्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

## खबर संक्षेप



### स्वान के पेशाब के रास्ते में फंसी पथरी को सर्जरी कर निकाला गया बाहर

**वाड्रफनगर।** रामानुजगंज निवासी अंकित जायसवाल के डॉग को तीन-चार दिनों से पेशाब नहीं होने के कारण उसका उपचार रामानुजगंज में चल रहा था। उपचार का कोई असर नहीं होने पर उसे पशु चिकित्सालय वाड्रफनगर लाया गया। डॉ.देवेन्द्र यादव ने पशु मालिक से समस्या की विस्तार से जानकारी ली तथा डॉग की जांच की तो पेशाब के थैली फूली मिली। पशु चिकित्सालय की टीम द्वारा पेशाब के रास्ते में कैथर डाला गया तो यह पास नहीं हो रहा था। डायग्नोस्टिक संसाधनों की कमी के कारण पेशाब में रूकावट का कारण पता नहीं चल पा रहा था। डॉग का एक्स-रे कराया गया तो पता चला कि पेशाब की शुरूआत वाले भाग में मटर के दाने के आकार की पथरी फंसी है जिसके कारण यूरिन पास नहीं हो रहा था। चिकित्सकों की टीम ने रेट्रो हाइड्रोपल्शन द्वारा पथरी को पेशाब की थैली में भेजा गया तथा डॉग को बेहोश कर शल्य क्रिया द्वारा पथरी को पेशाब की थैली से बाहर निकाला गया। पथरी बाहर नहीं निकाले जाने पर डॉग के पेशाब की थैली फटने से डॉग की मृत्यु हो सकती थी। चिकित्सक ने डॉग का आपरेशन कर उसकी जान बचा ली।

### आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कांग्रेस ने की शिकायत

**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कांग्रेस ने जिला निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है। कांग्रेस प्रत्याशी के अभिकर्ता के रूप में बाल कृष्ण पाठक ने रिटर्निंग अधिकारी को लिखित शिकायत में बताया है कि पीएम ने भाजपा प्रत्याशी की के प्राचार्य के दौरान सभा में भ्रामक प्रचार किया कि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लेगी, आदिवासियों की चांदी छीन लेगी, लोगों से संपत्ति जब्त कर लेगी जबकि कांग्रेस के घोषणापत्र में इसका कोई जिक्र नहीं है। पीएम के झूठे व दुर्भावनापूर्ण, भयाक्रांत करने वाले भाषण से महिलाओं व समाज में गलत संदेश जा रहा है। ऐसे में उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में स्टार प्रचारक पर हेट स्पीच की कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने शिकायत में बताया है कि भाजपा द्वारा पीएम के कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शासकीय सम्पत्ति पर पार्टी के झंडे लगाए गए। सार्वजनिक स्थान पर नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगाई गई। इस लिए इस मामले में भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की कार्रवाई कर प्रचार सामग्री का व्यय भाजपा प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाए व तत्काल शासकीय संपत्ति से बैनर पोस्टर हटाए जाए। वहीं पीएम की सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी मंच पर स्वयं मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों को बुलाया गया जिन्हे आवागमन, भोजन पानी की सुविधा दी गई इस लिए नियम के तहत इस सभा का ख़र्च भाजपा प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाए।

### मां की बीमारी से परेशान युवक ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** मां की बीमारी से परेशान युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम डांडमोहनी निवासी तीरथ पनिका आ. स्व. रंगीला पनिका (18 वर्ष) बुधवार की दोपहर घर से लगभग 6-7 किमी दूर घूमने निकला था जिसके बाद घर नहीं लौटा । शाम 4 बजे युवक ने फोन कर बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और युवक को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि तीरथ अपनी मां ललिता के दिमागी हालत पिछले 7-8 साल से ठीक नहीं होने से काफी परेशान था और हर समय मरने की बात कहता था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की वृद्धि होने का अनुमान

# तीन दिन की राहत के बाद अब होगा भीषण गर्मी से सामना, पारा में 1 डिग्री की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



**खास बात**

- तीन दिन बाद विक्षोभ के प्रभाव से राहत की संभावना

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से दो-तीन दिन की राहत के बाद एक बार फिर लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद फिर से गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों के भीतर तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण पूरे दिन आसमान पर घने बादल छाए रहे। बेमौसम बारिश के बाद दिन के तापमान में 11.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई थी जिससे गर्मी से राहत थी। प्रथम दिवस तो मौसम पूरी तरह से बदल गया था तथा गर्मी पूरी तरह खत्म हो गई थी लेकिन दूसरे दिन मौसम साफ होने के साथ ही तापमान में वृद्धि होना शुरू हो गया था। इस बीच तीन दिनों से पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही शाम में आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही दो दिनों तक कहीं-कहीं बूंदाबादी भी हुई। इस दौरान दिन का तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा गुरूवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही तापमान में 1.0 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। फिलहाल आसपास के क्षेत्रों में कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है जिसके कारण मौसम विज्ञानी आगामी तीन दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने एवं तापमान में 2-3 डिग्री तक की वृद्धि होने का अनुमान लगा रहे हैं। तीन दिन पूर्व सक्रिय विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद सुदूर उत्तर भारत में 24 अप्रैल को एक अन्य विक्षोभ सक्रिय हुआ था लेकिन बेहद कमजोर होने के कारण उत्तर छत्तीसगढ़ पर इसका विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर हल्के बादलों की आवाजाही बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। वैसे भी चिलचिलाती धूप निकलने के कारण धरती की पूरी नमी वाष्पित होकर सूख जा रही है तथा आसमान पर हल्के बादलों में बदल जा रही है। एक नया पछुआ विक्षोभ 26 अप्रैल को उत्तर भारत में सक्रिय होने की संभावना है। जिसका प्रभाव 28 अप्रैल तक सरगुजा संभाग में पहुंचने की संभावना है। अभी विक्षोभ के घनत्व की जानकारी नहीं होने के कारण मौसम विज्ञानी उसके प्रभाव के विषय में कुछ नहीं बता पा रहे है। फिलहाल कोई मौसमी घटक सक्रिय नहीं है जिसके कारण विक्षोभ के पहुंचने के पूर्व भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। सरगुजा में अभी तक दिन का तापमान 40.5 डिग्री तक रिकार्ड किया गया है। पड़ोसी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ने के कारण मौसम विज्ञानी अधिकतम तापमान में तेज वृद्धि होने का अनुमान लगा रहे हैं।

### कार की टक्कर से साइकिल सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** किराना दुकान सामान लेने जा रहे साइकिल सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की अस्पताल में मौत हो गई। रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी भैयालाल बुधवार की सुबह साइकिल से किराना दुकान सामान लेने जा रहा था। जैसे ही साइकिल सवार मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 2623 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायल को रामानुजनगर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पुत्र लरंगसाय कुजूर ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण की मौत

ग्राम रघुनाथपुर चारपारा निवासी गुलाब सिंह बुधवार को पत्नी श्रीमती शांति बाई के साथ सायकल से ग्राम मेण्ड्रा परिचित के यहां फलदान कार्यक्रम में शामिल होने गए। शाम को शांति दूसरे के बाइक से घर आ गई जबकि पति साइकिल से घर जा रहा था। रात लगभग 8.30 बजे सायकल सवार जैसे ही ग्राम अभयपुर के समीप तीन खूंटी मोड मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पत्नी ने प्रेमनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

## ऑटो सवारों को अज्ञात पिकअप चालक ने मारी टक्कर बच्चे समेत आधा दर्जन ग्रामीण सवार हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विवाह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे ऑटो सवार को अज्ञात पिकअप

- घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में उपचार हेतु लाया गया, दो घायलों को अंबिकापुर किया गया रेफर
- बिश्रामपुर-सूरजपुर एन एच 43 स्थित नायरा पेट्रोल पम्प के पास की है घटना

चालक ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में ऑटो सवार बच्चे समेतआधा दर्जन ग्रामीण यात्री घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुरवां निवासी 60 वर्षीय रामधारी पिता गेदू गोंड गुरुवार की दोपहर परिवार के 50 वर्षीय जगेशिया, 6 वर्षीय मासूम हंस पिता संतोष, धनेश्वरी पिता इंद्रराज, राधिका पिता नुमेश्वर, तपेश्वर, थलेश्वर के साथ ऑटो बुकिंग कराकर ग्राम पंचायत तेलईकछार में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर नायरा पेट्रोल पंप के समीप जैसे ही ऑटो चालक वाहन में तेल डलवाने के लिए मुड़ा था, तभी बिश्रामपुर से सूरजपुर की ओर जा रहे अज्ञात पिकअप वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में ऑटो सवार आधा दर्जन लोगों को चोट आई है, सूचना मिलने पर आरक्षक अजय सिंह, अखिलेश पांडेय नें स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा द्वारा दो लोगों को अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।



दुर्घटना में घायल ऑटो सवार।

## जिले में इस वर्ष रोके गए 47 बाल विवाह, एक मामले में हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए पूरा प्रशासनिक अमला चुस्त है। अब तक जिले में 47 बाल विवाह रोके जा चुके हैं। जबकि एक बाल विवाह होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 9, 10, 11 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिला कि एक नाबालिग बालिका के बाल विवाह की जा रही है। सूचना पर परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में टीम ग्राम केंवरा पहुंची जहां लड़की के घर जांच की गई तो घर कोई नहीं था। काफी मसक्कत के बाद लड़की के परिजन टीम के समक्ष उपस्थित हुए और विवाह करने से इनकार किया। शिकायतकर्ता से पता चला की विवाह सम्पन्न हो गया है। जहां जाने पर पता चला की निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व ही चुप - चाप सीमित लोग बारात आए थे और विवाह सम्पन्न हो गया। लड़की को उसके ससुराल से वापस ला रहे है । तत्काल संयुक्त टीम लड़के के घर पहुंची तो पता चला कि वहां बकरे की पार्टी चल रही है सभी भोजन कर रहे हैं।, पूछताछ पर विवाह करने की बात स्वीकार किया। साथ ही समझाइश देने पर लड़के के पिता ने विवाह हो जाने की बात बताई और विवाह दूल्हे के साथ उसके पिता और अन्य पांच लोग चुपचाप तरीके से बारात गए और विवाह रोके जाने के डर से निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व विवाह कर लिए। लड़की के घर गई टीम को बताया गया वहां भी सभी ने विवाह करना स्वीकार किया। बालिका का दस्तावेज इकट्ठा किया गया बालिका मात्र 15 वर्ष 5 माह थी । बालिका का कथन उसके पिता का कथन विवाह हो जाने का पंचनामा तैयार किया गया, तत्पश्चात विवाह हो जाने के कारण बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी मो. इमरान अख्तर ने थाना झिलमिली में सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कराया। अपराध पंजीबद्ध करने के पश्चात विवाह में शामिल होने वाले सभी का अभियुक्त बना कर प्रस्तुत की जाएगी । वहीं बाल विवाह की लगातार सूचनाएं प्रशासनिक टीम को मिल रही है और विवाह रोकने की कार्रवाई की जा रही है । गत दिन एक 16 वर्षीय बालिका का विवाह तेलाईकछार में करने की सूचना मिली। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, तहसीलदार आरबी मानिकपुर , परियोजना अधिकारी श्रीमती बेरथा तिर्की , पर्यवेक्षक श्रीमती सुनिती दुबे , पर्यवेक्षक श्रीमती रामेश्वरी सिंह , जिला बाल संरक्षण इकाई से श्रीमती अंजनी साहू , चाईल्ड लाईन से कार्तिक मजूमदार , जनार्दन यादव, कुमारी शीतल सिंह मौके पर जाकर जांच कर पाया कि बालिका की उम्र 16 वर्ष 6 माह हो रहा है ।परिजन को बाल विवाह नही करने के संबंध में समझाइश दी गई जिसके बाद परिजन विवाह नहीं करने की बात कही। एक अन्य प्रकरण प्रेमनगर में एक 18 वर्षीय बालक के बाल विवाह की सूचना मिली टीम ने मौके पर पहुंच किशोर के दस्तावेज की जांच की तो पता चला की वह 18 वर्ष का है जो विवाह योग्य नहीं है परिजन को समझाइश की गई जिसके बाद परिजन ने 21 वर्ष पूर्ण होने पर विवाह करने की सहमति दी।



## गांधी स्टेडियम में शुरू किया गया सुधार कार्य, कराया जाएगा डामरीकरण

**अम्बिकापुर।** गांधी स्टेडियम में किए गए बदलाव को एक फिर से यथावत कर दिया गया है। पीएम मोदी का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा मैदान में मरम्मत कराने के साथ ही रनिंग ट्रैक के संधारण व डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दौरान शहर के बीच मौजूद एकमात्र खेल मैदान गांधी स्टेडियम में प्रशासन ने आम लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। गांधी स्टेडियम के स्वरुप में किए जा रहे बदलाव को लेकर आम नागरकों व खिलाड़ियों ने विरोध किया। इस मामले में प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी कलेक्टर को पत्र लिखकर हेलीपेड का निर्माण किसी और स्थान पर करने व गांधी स्टेडियम के स्वरुप को नहीं बिगाड़ने की मांग की थी। पीएम का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कला केंद्र मैदान को पूर्ववत करने का कार्य कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देश पर शुरू कर दिया गया था। इसके साथ ही आम जन और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए रनिंग ट्रैक में भी आवश्यक संधारण करते हुए डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री भोस्कर ने स्वयं गांधी स्टेडियम पहुंचकर निगम द्वारा कराए जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत और निगम की टीम मौजूद रही। आम जनता के लिए गांधी स्टेडियम पुनः कल सुबह से खोल दिया जायेगा।



## किशोरी से गैंगरेप, 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

ग्राम वीरपुर में बुधवार को सुबह विवाह समारोह से अपने परिचित के साथ पैदल घर लौट रही 13 वर्षीया किशोरी के साथ वीरपुर में गैंगरेप के मामले में जयनगर पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार प्रातः की घटना के बाद देर शाम परिजनों के साथ पहुंची पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट जयनगर थाने में दर्ज कराई थी। घटना के बाद पुलिस तत्काल हरकत में आई तथा पूरी रात छापामार अभियान

- मामले में शामिल सभी आठ आरोपी पकड़ाए
- पोक्सो एक्त की कार्रवाई, आरोपी ग्राम वीरपुर व कुम्दा के निवासी

चलाकर मामले में शामिल सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

इधर गैंगरेप की घटना पर कांग्रेस के पूर्व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं के साथ थाने में विरोध प्रदर्शन किया तथा पीड़िता के घर पहुंच मामले की जानकारी ली। बताया गया कि किशारी अपने परिचित के साथ मंगलवार की रात अपने दोस्त के विवाह समारोह में शामिल होने ग्राम करमपुर गई थी, विवाह समारोह के बाद वह अपने परिचित के साथ तड़के चार बजे पैदल घर जाने के लिए निकली। इस दौरान वीरपुर मेन रोड चंद्रपुर सूरजपुर से बारात से लौट रहे आठ युवकों ने नाबालिग व उसके परिचित दोस्त को अकेला देखकर रोक लिया तथा पूछताछ करने के बाद संजय सिंह व मटुकधारी ने जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद दोनों आरोपी किशोरी को छोड़कर भाग निकले। किशोरी वापस पहुंची तो उसका दोस्त मौजूद नहीं था। वह अकेले अपने घर आई। दिन भर किशोरी के गुमसुम रहने पर परिजन उससे जानकारी ली तथा मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। जयनगर पुलिस ने मामले में शामिल दो मुख्य आरोपियों एंव आधा दर्जन सहयोगियों को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर तहसीलदार के समक्ष शिनाख्त परेड कराई तथा आरोपियों को जेल भेजा। आरोपी वीरपुर व कुमदा बस्ती निवासी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 363,376डीए आईपीसी व पोक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपियों में बीरपुर निवासी मुकुटधारी पिता चिरंजीत गोड़(26वर्ष), संजय सिंह पिता मूकदेव गोड़ (25), अमित रंजन भगत पिता स्व.राजकिशोर भगत (19वर्ष), अनिल सिंह पिता गंगा प्रसाद गोड़ (19वर्ष), पीताम्बर पिता गुलाब बरगाह (19वर्ष), खेलू सिंह पिता चिरंजीत गोड़ (19वर्ष), सुरेश पिता रामदेव गोड़ (23वर्ष), कुम्दा बस्ती निवासी नरेन्द्र सिंह पिता बोधन सिंह गोड़ (23वर्ष) शामिल है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# उरांव समाज ने धूमधाम से मनाया सरहुल पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- ट्रांसपोर्ट नगर सरनास्थल से निकाली गई रैली, पारंपरिक नृत्य की दी प्रस्तुति

उरांव समाज की जिला इकाई मूली पड़हा के नेतृत्व में चैत्र पूर्णिमा पर मंगलवार को धूधाम से सरहुल पर्व मनाया गया। पर्व में जिलेभर के ग्रामीण शामिल हुए। सरहुल पूजा के के लिए विभिन्न गांवों के लोग अपने क्षेत्र के सरना स्थल पर बैगा द्वारा पूजा संपन्न कराने के बाद सरना स्थल कोरेया बाड़ी अजिरमा में एकत्र हुए तथा पारंपरिक तरीके से सामूहिक पूजा में शामिल हुए। इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर सरना स्थल से विशाल रैली निकाली गई। रैली में शामिल समाज के लोग मांदर की थाप पर झूमते नाचते-गाते गहिरा गुरू आश्रम, हनुमान मंदिर चौक, जिला अस्पताल चौक बिलासपुर चौक का भ्रमण करते हुए वापस ट्रांसपोर्ट नगर सरना स्थल पहुंचे जहां रैली सभा में बदल गई। सभा में समाज के लोगों ने सरहुल नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। सरहुल पूजा में धरती और सूर्य का विवाह किया जाता है। इसे खद्दी और कठोरी पूजा कहते हैं। पूजा के दौरान तीन घड़े में पानी रखा जाता है जिसके आधार पर आने वाले समय में मौसम का पूर्वानुमान लगाया जाता है तथा अनुमान के आधार पर ही खरीफ खेती की तैयारियां की जाती है। बैगा द्वारा रायेस का वितरण किया जाता है। कठोरी पूजा होने के बाद बीज निकाला जाता है और खरीफ खेती संबंधी विभिन्न कार्य प्रारम्भ किए जाते हैं। इस दौरान उरांव समाज के संरक्षक रामनाथ भगत, बेलमंगल उरांव, देवान उमेश भगत, प्रदेश अध्यक्ष उमेश प्रधान, रकम उर्वस संजीव भगत, जगेश्वर भगत, सूरजनाथ तिर्की, उमेश्वर प्रजापति, जेआर प्रधान, डॉ.लक्ष्मी भगत, डॉ.रवि शंकर प्रजापति, विकास भगत, अमित किस्पोट्टा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024 05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के विख्यात पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. भाविक शाह DNB (Internal), DNB (Gastro)
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिक सिर एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश देवांगन MBBS,MS, MCh. (Neurologist)
छग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन... डॉ. राहुल अहलूवालिया MS, MCH (Neurosurgeon)
रायपुर के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी M.D., DM (CARDIOLOGIST)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. साहू MD, DM (Nephrology)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
28 अप्रैल 2024 माह के चौथा रविवार
प्रदेश के विख्यात चेस्ट फिजिशियल/छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ... डॉ. रोशन वर्मा MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध